झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
JHARKHAND MUKTI MORCHA
केन्द्रीय समिति Central Committee

पत्रांक/Ref. ....JMM/177/F-54/2026-2027 दिनांक/Date ..02/07/2026....

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
झारखंड, राँची।

विषय : विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के अंतर्गत गणना प्रपत्र (Enumeration Form) भरने की प्रक्रिया, ECINet ऐप के उपयोग एवं अतिरिक्त प्रपत्र उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण एवं आवश्यक निर्देश जारी करने हेतु।

महोदय,

झारखंड मुक्ति मोर्चा का ध्यान विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं एवं बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLOs) के समक्ष उत्पन्न हो रही कुछ व्यावहारिक समस्याओं की ओर गया है।

राज्य के विभिन्न जिलों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि गणना प्रपत्र भरने के दौरान ECINet मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदाताओं के फोटोग्राफ लिए जाने संबंधी विभिन्न प्रकार की सूचनाएँ प्रचलित हैं। कृपया स्पष्ट करें कि क्या गृह–गणना (Enumeration) चरण में ECINet ऐप द्वारा मतदाताओं का फोटोग्राफ लेना अनिवार्य अथवा अनुमत है। यदि हाँ, तो कृपया संबंधित निर्देश सार्वजनिक किए जाएँ तथा सभी DEO, ERO, AERO एवं BLO को एक समान दिशा–निर्देश जारी किए जाएँ। यदि नहीं, तो इस संबंध में भी स्पष्ट परिपत्र जारी किया जाए।

इसके अतिरिक्त, गणना प्रपत्र भरते समय अनेक मतदाताओं से अनजाने में त्रुटियाँ हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण एवं कम साक्षरता वाले क्षेत्रों में यह समस्या अधिक हो सकती है। अतः प्रत्येक मतदाता को मूल गणना प्रपत्र के साथ एक अतिरिक्त (फोटोकॉपी/जेरॉक्स) गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि त्रुटि होने की स्थिति में नया प्रपत्र भरकर जमा किया जा सके।

यह व्यवस्था मतदाताओं की सुविधा, प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा निर्वाचन कर्मियों के कार्य को भी सरल बनाएगी।

अतः उपर्युक्त विषयों पर शीघ्र स्पष्टीकरण एवं आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय,

(विनोद कुमार पाण्डेय)
महासचिव

फोन/Phone : 2542009, फैक्स/Fax : 2542009
प्र. का. : बरियातु रोड, राँची-834009, H.O. : Bariatu Road, Ranchi- 834009
Phone : 7541891222
E-mail : jharkhandmuktimorcha@yahoo.co.in